तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 09 दिसंबर 2024

12 निश्चय निरामय छत्तीसगढ़: स्वास्थ्य सेवाओं में ...



12 सलिहाभांठा में बाल सभा में बच्चों ने पढ़ी स्वरचित ...





## खबर संक्षेप

### गिरवी रखे सोना को हड़पने की शिकायत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने गिरवी रखे सोना को ज्वेलर्स द्वारा हड़पने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। ग्राम राजाकटेल निवासी हेमसागर पटेल ने बताया कि उन्होंने नवंबर 2023 में सांकरा के श्याम ज्वेलर्स के पास 5.900 ग्राम सोना 16 हजार रुपए में गिरवी रखा था। गिरवी रखते समय किसी प्रकार की रसीद उन्हें नहीं दी गई थी। दो माह बाद गिरवी रखे सोना लेने गया तो ज्वेलर्स संचालक राकेश अग्रवाल और अजय अग्रवाल ने कहा कि तुम्हारा सोना डूब चुका है, तुम्हे सोना नहीं मिलेगा। उन्होंने सोना वापस लेने ज्वेलर्स के कई चक्कर लगाए लेकिन उन्हें सोना नहीं मिला। आखिरकार पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। इस संबंध में संचालक राकेश अग्रवाल ने कहा कि सोना गिरवी रखने, ब्याज में राशि लेन-देन हेतु उनके पास शासन से साहूकारी लाइसेंस प्राप्त है, लेन-देन का पूरा काम विधिवत किया जाता है। हेमसागर पटेल ने उनके खिलाफ झूठा आरोप लगाया है।

### एक्सीडेंट में बाइक में दो लोग घायल

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह के पास बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। पुलिस को उदयचंद साहू निवासी चुरूपाली तेंदूकोना निवासी ने बताया कि 7 दिसंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह साराडीह से बाइक में सवार होकर कुशल साहू और भुनेश्वरी साहू के साथ अपने घर ग्राम चुरूपाली जाने के लिए निकला था। बाइक को कुशल साहू चला रहा था। करीब 2.30 बजे साराडीह मोड के पास महासमुंद की ओर से आ रही मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजी 2983 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से प्रार्थी एवं कुशल साहू को चोटें आई। मामले में रिपोर्ट पर महासमुंद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# मौसम के उतार-चढ़ाव से किसान चिंतित, कहीं कट रहे धान तो कहीं खुले में रखे

## खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं, बारिश हुई तो समिति की दिक्कत बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मौसम के बदलाव एवं आसमान में छाए बादल किसानों के लिए चिंता का सबब बने हुए हैं। बीते दिनों से आसमान में घुमड़ते बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, वहीं समिति कर्मी भी धानों को भींगने से बचाने की जुगत में लग गए हैं। जिला सहित संभाग के उपार्जन केंद्रों में अभी तक 49 हजार 671 किसानों से 2 लाख 28 हजार 128 क्विंटल से अधिक की खरीदी हो चुकी है। वहीं अभी तक किसी भी केंद्र में धान उठाव शुरू नहीं हो पाया है।

इधर तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच बादल छाए रहने से मौसम विभाग के द्वारा कहीं-कहीं बारिश की संभावना भी जताई गई है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश हुई तो उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। विदित हो कि पिछले एक सप्ताह से बादलों की आवाजाही बनी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है वहीं मध्य बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के चलते उपरी हवाओं में चक्रवात का भी प्रभाव है। जिसके चलते उत्तर छत्तीसगढ़ में नमी युक्त हवा के आगमन के साथ बादल छा रहे हैं। आगामी 10-11 दिसंबर तक मौसम विभाग के इसी प्रकार बने रहने की संभावना के साथ बारिश के आसार भी जताए गए हैं जो किसानों के लिए मुसीबत बनते जा रहे है। अधिकतर किसान अभी धान कटाई में जुटे हुए है एवं कटे धान खलिहानों में खुले पड़े हुए है। अगर इस समय बारिश होती है तो किसानों की मेहनत में पानी फिर जेगा जिसके वजह से किसानों की चिंता एवं मुसीबत दोनो बढ़ी हुई है।

### उत्तरी हवा से लुढ़का तापमान

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से अभी भी नमी आ रही है। इसके कारण प्रदेश के मध्य और उत्तर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी भाग में हल्की वर्षा होने अथवा ओले पड़ने की संभावना है। अगले तीन दिन जिले में 5 से 6 डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना है। मध्य भाग में तीन से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है तथा बस्तर संभाग के जिलों में एक से दो डिग्री तक गिरावट हो सकती है। उन्होंने बताया कि कम दबाव और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छा रहे हैं, बारिश के आसार भी बने रहेंगे। उन्होंने बताया कि बादलों का घनत्व बढ़ने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी भी होगी।



### अभी भी धान की मिसाई में जुटे हैं किसान

जिला सहित संभाग में अभी भी किसान धान की मिसाई में जुटे हुए है। किसानों का कहना है कि कई किसानों का धान खलिहान में है। ऐसी स्थिति में यदि बारिश हुई तो धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना भी बनेगी। इधर उत्तर से ठंडी हवाएं चलने से उपार्जन केंद्रों में पहुंचने वाले किसानों को ठंड का सामना करना पड़ा रहा है एवं घर से दूरदराज के खलिहानों में धान की चोरी होने का भी खतरा बना हुआ है।

## अपराध : पुलिस ने जोरातराई चौक के पास दो लोगों को गिरफ्तार किया

# साढ़े चार लाख का गांजा जब्त, इधर तस्करी के केस में दो लोगों को सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने हाईवे 353 में जोरातराई चौक आंवराडबरी में एक मोटर साइकिल सवार से 29 किलो गांजा बरामद किया है। आरोपी गांजा लेकर राजधानी की ओर जा रहा था इसी दौरान वाहन चेकिंग के दौरान खल्लारी पुलिस द्वारा बाईक की तलाशी ली गई जिसमें उसके कब्जे से 29 किलो गांजा मिला जिसकी कीमत तकरीबन साढ़े 4 लाख रुपए आंकी गई है।

खल्लारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चेकिंग के दौरान ओड़िशा की ओर से आ रही दोपहिया वाहन क्रमांक ओडी 26 बी 2760 को रोककर तलाशी ली गई। आरोपी के पास रखे बैंक व थैले में 29 किलो गांजा पाया गया। जिसे लेकर आरोपी ओडिशा से राजधानी रायपुर की ओर जा रहे थे।



नाम-पता पूछने पर आरोपियों में से एक ने अपना नाम मानव भोई पिता गजेंद्र भोई (24) निवासी कंडेतारा और दूसरे ने दुष्यंत बाघ पिता जयुधर बाघ निवासी दोनों कंडेतरा थाना कोमना जिला नुवापड़ा ओडिशा बताया। उन्हें उक्त गांजा तस्करी के अपराध के तहत गिरफ्तार किया गया और आरोपियों के खिलाफ 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया।

### कार्रवाई में यह रहे शामिल

कार्रवाई में थाना खल्लारी प्रभारी शैलेंद्र नाग, एएसआई पंकज बाघ, आरक्षक हीरालाल अकोनिहा, दिनेश जायसवाल, गेनधर साहू, शुभम पांडे एवं साइबर टीम महासमुंद का विशेष योगदान रहा।

### गांजा तस्कर को 14 साल की कैद, एक लाख रुपए जुर्माना

गांजा तस्करी के एक अन्य मामले में सरायपाली में एनडीपीएस की विशेष न्यायाधीश श्रीमती शोभना कोष्टा ने आरोप सिद्ध होने पर 14 वर्ष के सश्रम कारावास व एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार विगत 17 फरवरी 2024 को सिंघोड़ा पुलिस ने रेहटीखोल के पास एक जिप्सी क्रमांक आर जे 28 यूए 0760 से 50 किलो गांजा जब्त कर उसका परिवहन कर रहे ग्राम पिलाना थाना कलानौर जिला रोहतक हरियाणा निवासी वीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने 14 वर्ष के सश्रम कारावास व एक लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई।

### दो अलग-अलग मामलों में गांजा तस्करों की सुनाई गई सख्त सजा, अर्थदंड भी

गांजा तस्करी के मामले में एनडीपीएस विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतप्रहरी ने आरोपी को 11 वर्ष का सश्रम कारावास और 1 लाख रुपए के आर्थिक दंड से दंडित किया है। बता दें कि मामले में अर्थदंड नहीं चुकाए जाने पर आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 16 मार्च को तुमगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बिना नंबर नीले रंग की स्वराज ट्रेक्टर के ट्राली के नीचे गुप्त चेंबर में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा रखा है, जो पटेवा की ओर से परिवहन करते हुए तुमगांव आ रहा है। सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर मौका स्थल पर उक्त संदिग्ध वाहन को घेराबंदी कर रोका गया और नाम पता पूछने पर ट्रेक्टर चालक ने अपना नाम अरविंद कुमार त्रिवेदी होना बताया। पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में उसके पास रखे वाहन ट्रैक्टर ट्राली के नीचे बने चेंबर के अंदर 28 पैकेट भूरे रंग के टेप में लिपटा हुआ 64.880 किलो गांजा बरामद किया गया। मामले में तुमगांव पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 54/2024 एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू द्वारा की गई।

# फिर हो सकती है बारिश शीतलहर भी संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश का मौसम एक बार फिर बदल रहा है। जिसका प्रभाव शनिवार सुबह से नजर आ रहा है। पिछले दो दिनों से बादल छाए हैं और ठंडी हवाएं चल रही है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि जिले में कहीं-कहीं फिर से बूंदाबांदी व बारिश हो सकती है जिससे शीतलहर चलने की संभावना है। बता दें कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार रविवार से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। उत्तर दिशाओं से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट की संभावना है।

इसके अलावा 10 दिसंबर के बीच बारिश के भी आसार बताए जा रहे हैं। मालूम हो कि जिले में चक्रवात फेंगल के कारण जिले में कहीं-कहीं बूंदाबांदी तो कहीं तेज बारिश हुई। चक्रवात का असर पूरी तरह से खत्म होने के बाद लग रहा था कि ठंड बढ़ेगी पर तापमान 5 डिग्री बढ़ गया था। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से अभी भी नमी आ रही है। इसके कारण प्रदेश के मध्य और उत्तर में मौसम शुष्क रहाने की संभावना है। पश्चिमी भाग में हल्की वर्षा होने अथवा ओले पड़ने की संभावना है। अगले तीन दिन जिले में 5 से 6 डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना है। मध्य भाग में तीन से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है तथा बस्तर संभाग के जिलों में एक से दो डिग्री तक गिरावट हो सकती है। विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में 8, 9 और 10 दिसंबर को वर्षा की संभावना है।

### आखिरी सप्ताह में बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के अनुसार इस बार दिसंबर के दूसरे सप्ताह से लेकर अंतिम सप्ताह तक ठंड कहर बरपाएगी। फिलहाल, मौसम में बदलाव के चलते आज 7 से 13 दिसंबर तक धूप- छांव का खेल चलता रहेगा। 12 दिसंबर से ठंड एक बार फिर बढ़नी शुरू होगी।

# धान काटने की बात को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान काटने की बात को लेकर दो भाइयों और उनके बेटों के बीच मारपीट हो गई। घटना ग्राम बेलमुंडी की है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर बलौदा पुलिस ने अलग-अलग मामला दर्ज किया है।

पुलिस को ग्राम बेलमुंडी के सुभाषशंकर चौधरी ने बताया कि 7 दिसंबर की सुबह करीबन 6:30 बजे अपने घर के सामने गली में खड़ा था तभी उसका छोटे भाई पद्माशंकर चौधरी एवं उसका पुत्र नवल किशोर चौधरी आए और तुम हमारे नाम से पंपलेट बांट रहे हो और मेंरे जमीन की धान को काटने नहीं दे रहे हो कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर लगे। जब बीच बचाव प्रार्थी का पुत्र विजय चौधरी आया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

वहीं दूसरे पक्ष के पद्माशंकर चौधरी ने पुलिस को बताया कि 7 दिसंबर की सुबह करीबन 6:30 बजे उसके बड़े भैया सुभाष शंकर चौधरी और उसका पुत्र विजय कुमार चौधरी अपने घर के सामने गली में खड़े थे, तभी उसने अपने पुत्र नवल किशोर चौधरी के साथ जाकर कहा कि हमारे हिस्से के खेत के धान को क्यों नहीं काटनें दे रहे हो बोले, तभी आरोपी सुभाष शंकर चौधरी और उसके पुत्र विजय कुमार चौधरी ने धान काटने नही देंगे कहते हुए गाली गलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# 100 मी. दौड़ में बकमा की कावेरी और बागबाहरा की लक्ष्मी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता वर्ष 2024- 25 का आयोजन मिनी स्टेडियम सुनसुनिया विकासखंड बागबाहरा में आयोजन प्रभारी वंदना देवांगन द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें एथलेटिक्स, खो खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिता आयोजित किया गया। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे ने बताया कि महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयु वर्ग 9 से 18 वर्ष तक एवं 18 से ऊपर 35 वर्ष तक शामिल महिला खिलाड़ी



हुए। आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. संजीव वशिष्ठ, सुरेखा कंवर, मधु यादव, डॉली ध्रुव, रक्षा हॉस्टल अधीक्षक कस्तूरबा विद्यालय, कुंज लता गायकवाड, निराशा ध्रुव, रेखा, अंजली शर्मा नेहरू युवा केंद्र उपस्थित थे। महिला खेल प्रतियोगिता के परिणाम 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग खेल 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान कावेरी साहू ग्राम बकमा ने प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आभा चंद्राकर बागबाहरा ने प्राप्त किया। वॉलीबॉल में बागबाहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी प्रतियोगिता एवं खो-खो प्रतियोगिता में ग्राम मुनगासेर ने प्राप्त किया एवं 18 से अधिक 35 वर्ष तक आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान लक्ष्मी ठाकुर बागबाहरा ने प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता एवं रस्साकसी प्रतियोगिता में बागबाहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में कबड्डी निर्णायक कमलेश साहू कस्तूरबोड, मिथिलेश दीवान घोंच, वंदना देवांगन, कुसुम यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता विकासखंड महासमुंद का आयोजन 9 दिसंबर सुबह 10 बजे से खेल मैदान तुमगांव में आयोजित किया जाएगा। जिसमें एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी, फुटबॉल एवं तीरंदाजी खेल में विद्यालय, महाविद्यालय के साथ खेल संघ व इच्छुक महिला खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं।

## दो महिला समेत तीन को किया घायल, वन विभाग ने अस्पताल में भर्ती कराया

# झुंड में पहुंच रहे बंदर, लोगों को जानमाल का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इन दिनों शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बंदरों के उत्पात से परेशान हैं। झुंड में पहुंच रहे बंदर लोगों के लिए खतरा तो बने ही हुए हैं, वहीं आर्थिक नुकसान भी पहुंच रहा है। बीते दिनों 2 महिला सहित एक पुरुष को बंदरों ने घायल कर दिया। बता दें कि शहर और गांवों में आए दिन बंदरों का जमावड़ा लगा रहता है। जिनमें से कुछ तो बेहद आक्रामक हो गए हैं, जिनसे लोगों को खतरा है।

मकानों पर बंदरों की उछलकूद के कारण न केवल सामान का नुकसान हो रहा है, बल्कि ये बंदर लोगों को शारीरिक नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। पिछले दिनों ग्राम अछरीडीह में भुनेश्वर साहू पर एक बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। वे नहाने के बाद छत पर उत्पात मचा रहे काले मुंह के बंदरों को भगाने के लिए छत पर गए इसी दौरान एक बंदर ने उछलकर उनके बांए हाथ को काटा जिससे उनके हाथ में गहरा घाव हो गया। इसी तरह गांव की ही गोदावरी पाल को बंदरों ने घायल कर दिया। गोदावरी के घर पर बंदरों का झुंड आया उनमें से एक बंदर घर के अंदर घुस गया। जब उन्होंने उसे भगाने की कोशिश की तो उसने उन पर हमला कर दिया और नाखून से हाथ - पैर में चोटें पहुंचाई। वहीं घर



की छत पर कपड़ा सुखाने गई हेमलता साहू को छत पर बैठे बंदरों के झुंड में से एक ने काट दिया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा उन्हें टीका लगवाया।

### सामानों, वाहनों को नुकसान पहुंचा रहा झुंड

शहर में पिछले कई माह से काले मुंह वाले बंदरों का झुंड शहर में आए दिन आते हैं। उक्त बंदर छतों पर लगे नल, टोंटी, डिश, बिजली के तार, बर्तन, चूल्हे, कपड़े अनाज को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। टिन शेड पर धमाचौकड़ी कर उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। गत दिनों हाउसिंग बोर्ड में खड़ी एक कार पर बंदरों ने उछल कूद कर उसके सामने का शीशा फोड़ कर क्षति पहुंचाई। वहीं बीटीआई रोड स्थित एक कोचिंग क्लास के छात्र की बाइक को गिरा कर नुकसान पहुंचाया।

### घर के बाहर व छत पर खेल रहे बच्चे हो जाएं सावधान

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग बंदरों के आंतक से परेशान हैं। उनका कहना है कि मौसमी फल खाने के लिए बंदरों का झुंड आए दिन पहुंच रहा है। घर के बाहर व छत पर बच्चे खेलते हैं। ऐसे में बंदरों से खतरा हमेशा बना रहता है। साथ ही छत पर सूखने वाले कपड़े व अन्य खाद्य सामग्री को भी नुकसान पहुंचा रहे है। कच्चे घरों पर चढ़कर खपरैल को फोड़ घरों में घुसकर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

डॉ छत्रपाल चंद्राकर ने कहा कि बंदर के काटने से ऊतक नष्ट हो सकता है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण खतरा यह है, कि इसके काटने से अनेकों बैक्टीरिया और विषाणु शरीर में प्रवेश कर सकते हैं, जो कि उसके मुंह में मौजूद होते हैं। अधिकांश स्तनधारियों की तरह बंदर रैबीज का वाहक हो सकता है और उसे प्रसारित कर सकता है। ऐसे में रैबीज का टीका लगवाना अनिवार्य है। यदि बंदर के काटने के बाद इसे बिना उपचार के छोड़ दिया जाए तो यह मनुष्य के लिए घातक हो सकता है।

### खेत से सौर ऊर्जा मोटर का कंट्रोलर चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** खेत में लगे सौर ऊर्जा मोटर के कंट्रोलर चोरी के मामले में तेंदूकोना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि देवनाथ ठाकुर पिता प्रेमसिंह ठाकुर ग्राम ठाकुरदिया कला के खेत में लगे सौर उर्जा मोटर के कंट्रोलर कीमत 20 हजार रुपए को 26 से 27 नवंबर के बीच किसी अज्ञात चोरी ने चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# बीस साल में दो बार स्वीकृति, फिर भी नहीं खुला आंबेडकर अस्पताल का झूलाघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाली महिला स्टॉफ और इलाज के लिए आने वाली महिलाओं के बच्चों के लिए बनाई गई झूलाघर की योजना बीस साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के बाहर वर्ष 2004 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डा. कृष्णमूर्ति बांधी एवं वर्ष 2022 में टीएस सिंहदेव ने इस योजना को हरी झंडी दी थी। दोनों बार कुछ समय तक प्ले जोन खुला, मगर देखरेख के अभाव में बंद हो गया।

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाला पचास प्रतिशत स्टाफ महिला का है। काफी स्टाफ अपने छोटे बच्चों को लेकर अस्पताल आते हैं। बच्चों के मनोरंजन और कामकाज में होने वाले दखल को रोकने के लिए अस्पताल में प्ले जोन और झूलाघर की योजना बनाई गई थी। अस्पताल के भूतल में स्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के वार्ड के बाहर बनाए गए खेलघर में कई तरह के खिलौने रखे गए थे, जिसे एक सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया था। समय बीतने और खेलघर का देखरेख करने वाली आया बाई को हटाने के बाद रखरखाव के अभाव में खिलौने खराब हो गए और वहां ताला लग गया।

उसके पुनः शुरू होने के इंतजार में काफी समय बीत गया फिर वर्ष 2022 को तात्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वशासी समिति की योजना में इसे मंजूरी दी। प्लेजोन बनाने के साथ वहां स्टाफ की नियुक्ति करने की घोषणा हुई। प्लेजोन फिर कुछ दिन खुलने के बाद पुनः बंद हो गया, जिस तरफ अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## अस्पताल स्टॉफ और मरीजों के छोटे बच्चों के लिए बनाई गई थी योजना

### गायब हो गए खिलौने

खेलघर में काफी संख्या में सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए खिलौने रखे गए थे। इनमें से कुछ खराब हो गए और बाकी गायब हो गए। अब खेलघर के नाम पर वहां उद्घाटन अवधि की पट्टिका और एलुमीनियम तथा कांच की मदद से बनाए गए कमरे ताला लगाने के बाद खाली पड़े हैं। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इसके लिए अलग से स्टाफ की नियुक्ति किए जाने की आवश्यकता थी जिस पर ध्यान नहीं दिया गया।





### जिला अस्पताल, हेल्थ सेंटरों में चल रहे

बच्चों के मनोरंजन का ध्यान रखते हुए जिला अस्पताल के शिशु रोग विभाग के साथ खोखो पारा, भाठागांव, राजातालाब सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में प्ले जोन विकसित किया गया है। परिजनों के साथ आने वाले बच्चों उपचार अवधि के दौरान इसमें खेलने-कूदने का मजा लेते हैं। वैसे प्ले जोन की योजना उन तमाम सरकारी अस्पतालों में बनाए जाने हैं, जहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग अथवा शिशु रोग विभाग का संचालन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में गाली गलौज, आरक्षक निलंबित

**रायपुर।** अभनपुर थाने में तैनात एक आरक्षक को एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के आदेश पर निलंबित किया गया है। आरक्षक पर शराब के नशे में लोगों के साथ गाली-गलौज करने का आरोप है। जारी आदेश के मुताबिक, आरक्षक संतोष कोसरिया को निलंबित किया गया है। आरक्षक का कृत्य रेगुलेशन के विपरीत पाए जाने पर एसएसपी ने निलंबन आदेश जारी किया है।

### गैंती गैंग के तीन और शातिर गिरफ्तार



**रायपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंती गैंग के तीन और बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चोरी का माल खपाने के आरोप में पकड़े गए हैं। गैंती गैंग से अब तक 45 लाख रुपए से ज्यादा के चोरी किए गए माल की बरामदगी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी मुंगेली तथा बिलासपुर जिले के रहने वाले हैं।

### शराब दुकान से बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान से बाइक चोरी करने के आरोप में एक शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सुमित राव की शिकायत पर भाठागांव निवासी अंकित जोशी को बाइक चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया है। अंकित एक माह पूर्व 18 नवंबर को शराब दुकान के पास से बाइक चोरी कर ले गया था।

### सूने मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़ डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गोगांव निवासी दुर्गेश ठाकुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर उसके घर की चारदीवारी फांदकर अंदर घुसा और मेन गेट का ताला तोड़ आलमारी का लॉकर तोड़ सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया।


### एसी कोच में आरएसी यात्रियों को कंप्लीट बेडरोल देने के निर्देश का नहीं हो रहा पालन


# एसी बोगी के आरएसी यात्री ठिठुर रहे, न कंबल मिल रहा और न तकिया, केवल चादर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे बोर्ड ने बीते साल आरएसी यात्रियों को भी चादर, कंबल और तकिया देने का आदेश और निर्देश सभी जोन को दिया था, लेकिन इसके बाद भी एसी कोच में यात्रियों को सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। पहले की तरह दो चादरें ही दी जा रही हैं। घर से कंबल लेकर सफर करना पड़ रहा है।

कंबल नहीं होने की स्थिति में ठंड में ठिठुरते हुए सफर करना यात्रियों की मजबूरी है। रेलवे का दावा है कि अंटेडर को आरएसी यात्रियों को कंप्लीट बेडरोल दिए जाने का निर्देश दिया जा चुका है, लेकिन हकीकत में अब भी रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों के एसी कोच के अंटेडर को रेलवे के नए नियमों को जानकारी नहीं है। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला आरएसी यात्रियों को पहले की तरह ही केवल चादर ही दी जा रही है। अब भी कंबल और तकिया नहीं मिल रहा है।





### कंबल की कमी इसलिए असुविधा

आरसी यात्रियों को कंबल की कमी बताई जा रही है। इसीलिए ज्यादातर घर से लाए हुए कंबल का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। अंबिकापुर से से रायपुर पहुंचे यात्री अविनाश मिश्रा ने बताया कि अंटेडर ने केवल सीट पर बिछाने और ओढ़ने के लिए दो चादरें ही दी थीं। नए नियम के अनुसार तकिया और कंबल मिला ही नहीं। ट्रेन में अन्य आरएसी यात्रियों को भी यह सुविधा नहीं मिली। दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे जमील खान ने बताया कि मांगे जाने के बाद भी कंप्लीट बेडरोल नहीं मिला। ट्रेन में अटेंडर ने पहले आदेश की जानकारी नहीं होने की बात कही, फिर बाद में कंबल की व्यवस्था करते हैं कहा।

### केवल चादर ही मिल रही

ट्रेनों में अंटेडर का कहना है कि उन्हें ठेकेदार से कोई निर्देश नहीं मिला है। यात्रियों का दावा है कि नए नियम के बारे में बताए जाने के बाद भी केवल चादर ही दी गई। इस तरह की समस्या अमरकंटक, दुर्ग-अंबिकापुर समेत दुर्ग-कानपुर की ट्रेनों को देखने को मिली है। कुछ यात्रियों ने इसकी शिकायत भी डीआरएम और रेलवे बोर्ड से करने की भी की है।

बता दें कि बिलासपुर रेलमंडल के कोचिंग डिपो में दो बड़ी लॉन्ड्री हैं। यहां से चादर, कंबल, पिलो कवर की प्रतिदिन सफाई होती है। इसके बाद ट्रेन में पहुंचाए जाते हैं। रेल यात्रियों की यह बेहद जरूरी सुविधा है, जिसकी मांग यात्री ट्रेन छूटने के बाद करने लगते हैं।

### ठंड में ठिठुर रहे नींद भी नहीं आती

आरएसी यात्रियों को पूरी तरह से बेडरोल नहीं मिलने से रात और सुबह के समय ठंड में ठिठुरते हुए सफर करना पड़ रहा है। कई यात्रियों को अब भी नए नियमों को जानकारी नहीं है, इसलिए विरोध भी नहीं कर रहे हैं। टीटीई से शिकायत करने के बावजूद भी यात्रियों को पूरा बेडरोल नहीं दिया जा रहा है। थर्ड एसी में ज्यादा दिक्कत है। बता दें कि रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक शैलेंद्र सिंह ने यह सुविधा प्रारंभ करने के लिए 2023 में 18 दिसंबर को जोनल रेलवे महाप्रबंधकों को पत्र भेजा था। इसमें कहा गया है कि एसी श्रेणी में आरएसी यात्रियों को भी आरक्षित सीट वाले यात्रियों की तरह ही पूरी बेडरोल किट दी जाए।

# टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के नए मरीज खोजने का निक्षय निरामय अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले सौ दिन तक टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने प्रदेश में निक्षय निरायम अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस योजना की शुरुआत की। इस दौरान टीबी मरीजों की निक्षय पोषण राशि को दोगुना करते हुए एक हजार रुपए उनके खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया। एम्स आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने योजना की शुरुआत रिमोट का बटन दबाकर किया। योजना में राज्य के वृद्धजनों का स्वास्थ्य जांच और उपचार शामिल है। अभियान के दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा चिन्हाकित किये गए जोखिम समूहों की स्पॉट स्क्रीनिंग संदेहास्पद मरीजों का पता लगाया जाएगा। एआई तकनीक से हैंड हेल्ड एक्स रे, सीवाय-टीबी जांच व 16 चैनल वाले ट्रूनाट मशीन से टीबी के संभावित मरीजों की एक्स रे द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा।

- मरीजों की पहचान कर उपलब्ध कराई जाएगी उपचार की सुविधा

### विकसित छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान : साय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित भारत के साथ ही साल 2047 तक छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य को पूरा में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान होगा। 13 दिसंबर को हमारी सरकार के कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा हो रहा है, हमने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्ति दिलाने के लक्ष्य को हासिल करने में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सफारी में व्हाइट टाइगर के तीन शावक दो माह बाद करेंगे धमाचौकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर कानन पेंडारी जू से जंगल सफारी लाए गए भाई-बहन जया तथा देवा नाम के व्हाइट टाइगर का एकाकीपन दूर करने सफारी प्रबंधन ने व्यवस्था की है। सफारी प्रबंधन ने पांच माह पूर्व जया नामक व्हाइट टाइग्रेस को मैत्री बाग जू शिफ्ट करने के साथ ही उसके स्थान पर रक्षा नामक व्हाइट टाइग्रेस के साथ अदला-बदली की। भाई-बहन का एकाकीपन दूर होने के बाद जंगल सफारी में एक माह पूर्व देवा तथा रक्षा के मिलन से सफारी में व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़कर दो से पांच पहुंच गया। रक्षा ने एक माह पूर्व तीन व्हाइट टाइगर को जन्म दिया है। तीनों पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

- शावकों की धमाचौकड़ी देखने विजिटर को करना पड़ेगा इंतजार
- सफारी में रह रहे देवा के लिए मैत्री बाग जू से दुल्हन की व्यवस्था होने के बाद कुनबा बढ़ा

जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर के मुताबिक तीनों शावकों को वन्यजीव चिकित्सकों की निगरानी में आइसूलेशन वार्ड में रखा गया है। शावकों के पास किसी को जाने की अनुमति नहीं है। शावकों के साथ उसकी मां को किसी भी तरह के संक्रमण से बचाए रखने पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।



### दो माह बाद विजिटर धमाचौकड़ी देख सकते हैं

सफारी में व्हाइट टाइगर के शावकों की धमाचौकड़ी देखने सफारी में आने वाले विजिटर को इंतजार करना होगा। विजिटर शावकों की धमाचौकड़ी दो माह बाद देख सकेंगे। शावकों की उम्र महज एक माह है, इसलिए शावकों को अभी खुले में नहीं छोड़ा जा सकता। शावक अपनी मां के पास पर्याप्त समय तक रह सकें, इसके लिए रक्षा को भी खुले में नहीं छोड़ा जा रहा।

### प्रबंधन का दावा -ठंड से बचाने उपाय किए गए

सफारी प्रबंधन के मुताबिक शावकों के किसी तरह से संक्रमण के साथ ठंड से बचाने उपाए किए गए हैं। जिस जगह शावकों के साथ उनकी मां को रखा गया है, वहां किसी को जाने की अनुमति नही है। इसकी वजह शावकों को इंसानों के माध्यम से किसी तरह के संक्रमण फैलने से बचाना है। साथ ही इंसानी आहट से शावक तथा उनकी मां को किसी भी तरह से स्ट्रेस से बचाना है।

### व्हाइट टाइगर की संख्या 16 पहुंची

सफारी में रक्षा नामक व्हाइट टाइगर द्वारा तीन शावकों के जन्म देने के बाद प्रदेश के मैत्रीबाग, कानन पेंडारी तथा जंगल सफारी जू में सफेद बाघ की संख्या 13 से बढ़कर 16 हो गई है। वर्तमान में जंगल सफारी में व्हाइट टाइगर की संख्या दो से बढ़कर पांच, मैत्रीबाग में आठ तथा कानन पेंडारी जू में व्हाइट टाइगर की संख्या तीन है।

# सेक्सटार्सन का भय दिखाकर लूट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से अपने झांसा में लेकर सेक्सटार्सन का भय दिखाकर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने दो महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक फर्जी पुलिस भी शामिल है। बदमाशों ने एक मोबाइल कंपनी में काम करने वाले कर्मी को वाई-फाई लगाने का झांसा देकर आठ हजार रुपए की लूट की थी।

- गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं शामिल

पुलिस के मुताबिक राघव मिश्रा सहित अन्य से लूट करने के आरोप में आमानाका निवासी प्रदीप सिंग बोपाराय, कबीर नगर मीडिया सिटी निवासी यश प्रजापति, कोटा निवासी मदन सोना, कबीर नगर निवासी खुशबू तिवारी, आमानाका डुमरतलाब निवासी अन्नू अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप सिंग के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है।



### भागने पर बंधक बनाकर लूटपाट

पुलिस के अनुसार राघव ने स्थिति को भांपते हुए घर से मां का कॉल आने की बात कह कर भागने की कोशिश की। घर के बाहर पहले खुशबू तथा अन्नू के साथियों ने राघव को घेर लिया। इसमें एक आरोपी ने अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर राघव के साथ मारपीट की। इसके बाद एक बदमाश ने राघव के गले में चाकू अड़ाकर पेमेंट गेटवे से यश के अकाउंट में जबरन आठ हजार रुपए ट्रांसफर कराया।

### पेमेंट गेटवे के नंबर से पकड़े गए बदमाश

पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों को यकीन था कि राघव उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराएगा। इसीलिए बदमाशों ने राघव के पास नकदी रकम नहीं होने के बावजूद उसके मोबाइल के पेमेंट गेटवे से रकम ट्रांसफर कराने का साहस दिखाया। पुलिस ने मोबाइल के माध्यम से बदमाशों के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए पेमेंट गेटवे के नंबर के आधार पर ट्रेस कर गिरफ्तार किया।

### आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ लूट

पुलिस के मुताबिक सेक्सटार्सन के आरोप में गिरफ्तार गिरोह ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को झांसा देकर सूनसान जगह पर बुलाकर लूट की है। लोक लाज के भय से लोग थाने में शिकायत करने से बचते थे। इसका फायदा उठाकर बदमाश लोगों के साथ ऑनलाइन लूट की घटना को अंजाम देते थे।

### वाई-फाई लगाने का झांसा देकर बुलाया

पुलिस के अनुसार अन्नू अग्रवाल ने यश प्रजापति के परिचित राघव का मोबाइल नंबर हासिल कर अपने घर में वाई-फाई लगाने कॉल किया। अन्नू ने राघव को अपना नाम पायल साहू बताया। अन्नू द्वारा भेजे गए मोबाइल लोकेशन पर राघव पहुंचा, तो सूनसान जगह पर अन्नू, राघव को एक झोपड़ीनुमा मकान में ले गए। वहां खुशबू पहले से मौजूद थी। इस दौरान खुशबू ने राघव पर फिजिकल संबंध बनाने दबाव बनाया।

### चोरी करते पकड़ा गया तो दंपति को ही पीट दिया

**रायपुर।** टिकरापारा में एक व्यक्ति ने एक चोर के खिलाफ चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजनगर निवासी महेसर अली ने सोनू कांचा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेसर ने पुलिस को बताया कि शनिवार तड़के उसे अपने कमरे से खट-खट की आवाज आई तो उसकी नींद खुल गया। इस दौरान कमरे में मौजूद सोनू चोरी करने की नीयत से आलमारी का लॉकर तोड़ने की कोशिश कर रहा था। पकड़े जाने पर सोनू ने महेसर तथा उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गया।

# मूणत ने 3 और वार्डों को दी 1 करोड़ के कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड में 20 लाख रुपए से आंगनबाड़ी भवन का काम शुरू करवाया। इससे पहले उन्होंने पांच सामुदायिक भवनों की मरम्मत तथा विस्तार के लिए पांच-पांच लाख के हिसाब से 25 लाख रुपए का फंड न सिर्फ मंजूर करवाया, बल्कि इनका काम शुरू करवा दिया। ये सामुदायिक भवन डबरीपारा, वासुदेव पारा, भीम नगर में है। इनके साथ ठाकुर देव भवन के नया निर्माण तथा शीतला हनुमान सामुदायिक भवन की मरम्मत का काम भी उन्होंने शुरू करवाया है।

श्री मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड की बड़ी जरूरत पूरी करते हुए मध्यम आकार की तीन पुलिया का काम शुरू करवाया, जिससे वार्ड की बड़ी आबादी को सुविधा मिलेगी। ये पुलिया अग्रोहा कालोनी के पास, साईं मंदिर क्षेत्र और विप्र नगर में थोड़ी-थोड़ी दूरी वाली कंक्रीट रोड के साथ बनाई जाएंगी। श्री मूणत ने इस वार्ड में पुलिया के साथ सीसी रोड और सामुदायिक भवन की मरम्मत के लिए कुल मिलाकर 51 लाख रुपए के काम शुरू करवाए हैं। उन्होंने कहा, सारे काम निर्धारित समय पर पूरे होंगे और क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं होगा, इसके निर्देश निगम अफसरों को दे दिए गए हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी वार्डों के लोगों से अपील की कि जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं।



# खंडहर हो रहे धनसुली के अटल आवास में रहने की मजबूरी, जरूरी सुविधा भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धनसुली गांव में तीन सौ परिवारों को स्वतंत्र अटल आवास बनाकर देने के बाद हाउसिंग बोर्ड भूल गया है। कॉलोनी में जिन लोगों ने मकान रहने के लिए खरीदा, उन्हें खंडहर होता देखकर किराए पर दे दिया है। इससे वहां की सुरक्षा भी भगवान भरोसे है। आसपास खाली जमीन भी अवैध कब्जे की भेंट चढ़ने लगी है। सालभर में चार बार शिकायत करने पर भी सिर्फ सर्वे किया गया है।

- हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी में लोग सुविधा को तरसे, सुधार के नाम पर सिर्फ सर्वे

विधानसभा के पास धनसुली गांव में 300 अटल आवास रख-रखाव के अभाव में खंडहर होने लगे हैं। इसका निर्माण गरीबों को आशियाना और सुविधा देने के लिए किया गया। इसे बनवाने के बाद अधिकारी भूल गए हैं। हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 2008 में कॉलोनी को बनवाया था। इसे 2010 में एक लाख 10 हजार में लोगों को बेचा गया। लोगों से पैसा लेने के बाद जिम्मेदार कॉलोनी की सुध नहीं ले रहे हैं। इससे अटल आवास में प्रापर पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई, पानी निकासी के लिए सीवरेज लाइन की सुविधा भी नहीं मिल रही है। इसके कारण जो लोग कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं, उन्हें दो कमरे, रसोई, शौचालय और स्नान गृह दिया है, लेकिन पानी निकासी, पेयजल की सुविधा नियमित नहीं होने से आए दिन परेशानी होती है।

### सुविधा ही नहीं टैक्स भी अटका

सूत्रों ने बताया कि अटल आवास को जिन लोगों ने खरीदा है, उनसे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल पानी और मेंटेनेंस टैक्स लेता है। दर्जनों परिवार कॉलोनी में ऐसे हैं, जिनके द्वारा सुविधा शुल्क जमा नहीं किया जाता। इससे लोगों पर ब्याज समेत 25 से 30 हजार का टैक्स बकाया है। ऐसे लोग मकान नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए हाउसिंग बोर्ड एनओसी नहीं दे रहा है। इससे लोग वहां फैली हुई अव्यवस्था से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। फंसे हुए लोग भी टैक्स और बकाया ब्याज चुकाने से नहीं उबर पाए हैं।



### आस-पास होने लगा है कब्जा

अटल आवास में रहने वाले लोगों ने बताया कि चार बार सुविधा देने मांग की गई। इसके बाद सर्वे किया और फिर अधिकारी सुध लेने नहीं आए। नतीजा यह है कि आस-पास में खाली जमीन पर कुछ लोगों ने झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया है। रात में स्ट्रीट लाइट का अभाव होने का फायदा उठाते हुए वे आए दिन चोरी, मारपीट की घटना करते हैं। किसी प्रकार से अव्यवस्था में सुधार नहीं होने से अब लोगों ने भी मकान किराए पर देकर दूसरी जगह रहना शुरू कर दिया है, इससे समस्या का सुधार भी नहीं हो रहा है।

**खबर संक्षेप**



## प्लांट के प्रदूषण से प्रभावित खेतों के लिए मुआवजा की मांग

**महासमुंद।** कौवाझर खैरझिटी के मध्य करणी कृपा पावर प्लांट के प्रदूषण से किसानों के फसलों को हुई क्षति के लिए मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर भाजपा नेता अशवंत तुषार साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पीड़ित लोगों से जानकारी लेकर प्लांट और फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्र के खेतों की स्थिति देखकर प्लांट या फैक्ट्री वालों से मुआवजा लेकर किसानों का वितरण किया जाना चाहिए।

## एसीआई के डॉ. श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान

**रायपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) डॉ. स्मित श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान मिला है। यह सम्मान प्राप्त करने वाले राज्य के पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं डॉ. श्रीवास्तव। उन्हें लखनऊ में राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के फैलो का सम्मान देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला। देशभर से मात्र 15 कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं।

## पंजाब केसरी रोड पर होगा नई नाली का निर्माण

**रायपुर।** साईंनगर जोरा की जनता को पंजाब केसरी रोड पर नई नाली निर्माण के लिए 75 लाख रुपए से भी ऊपर की धनराशि की सौगात मिलेगी। विगत वर्षों का इंतजार समाप्त होता देखकर साईंनगर, प्रोफेसर कॉलोनी और जोरा की जनता में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। यह राशि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन और क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा, धरसींवा विधानसभा से डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष, साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर के संयुक्त प्रयासों से नई नाली निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा 75 लाख रुपयों से भी ऊपर का प्राक्कलन तैयार करके प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत शासन की ओर बढ़ा दिया गया है।

## पर्यावरण समिति ने मंडल परिसर में रोपे पौधे

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में शनिवार को चंपा और टिकोमा के आकर्षक पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आल इंडिया बिजली कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी सदस्य अरुण देवांगन और समिति के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने मंडल के मुख्य द्वार पर बने लॉन एरिया में पौधे लगाए। समिति के उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि पर्यावरण समिति ने मंडल के नवनिर्मित भवन को सुंदर बनाने के लिए परिसर में चंपा, टिकोमा सहित कई प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

# उच्च प्राथमिक शाला परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लंबर के स्काउट गाइड ने शाला परिसर को स्वच्छ रखने हेतु जेआर डहरिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी के सफल निर्देशन एवं पूर्णानंद मिश्रा बीआरसीसी बसना के कुशल मार्गदर्शन में एएलटी स्काउट लीडर गिरीश कुमार पाढ़ी के सहयोग से स्कूल के सभी स्काउट एवं गाइड छात्र-छात्राओं ने सेनिटेशन प्रमोटर लॉग बुक दक्षता प्राप्ति करने हेतु शाला परिसर को स्वच्छ रखने का बीड़ा उठाया है। जिसमें स्काउट भाइयों द्वारा वाश एरिया एवं पानी पीने हेतु बनाए गए ड्रिंकिंग बेसिन एरिया की रंगाई, पोताई किया गया। सभी छात्र छात्राओं को स्वच्छ जल पीने एवं पानी पीने की जगह को साफ सुथरा रखने हेतु संकल्पित किया गया। साथ ही स्कूल परिसर को साफ एवं स्वच्छ रखने को संकल्पित हुए। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक स्मारूलाल चौहान प्रभारी प्रधान पाठक, निलेश चौरसिया, चित्रा पटेल के अलावा स्कूल समन्वयक संतलाल पटेल ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत सभी बच्चों को विभिन्न प्रकार के कला कौशल एवं दक्षता प्राप्त कर अपने कला कौशल में वृद्धि करते रहने बच्चों को प्रोत्साहित किए।

स्काउट प्रभारी गिरिश कुमार पाढ़ी ने स्काउटिंग के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के दक्षताओं को प्राप्त करने हेतु बच्चों को सतत प्रयासरत रहने की सीख दी। साथ स्काउटिंग गतिविधि में बढ़ चढ़ कर सम्मिलित रहकर आगे बढ़ने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया।

# सीजी पीएससी की तैयारी के लिए प्रतिभागियों ने दिलाया टेस्ट पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु 12 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 12 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज दूसरा टेस्ट पेपर संविधान एवं पंचायती राज का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ इसमें संविधान एवं पंचायती राज आदि के प्रश्न पूछे गए थे। दूसरा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 120 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 17 परीक्षार्थियों कुल 137 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 12 टेस्ट के क्रम में तीसरा टेस्ट का आयोजन 15 दिसंबर को गणित, तर्कशक्ति, हिंदी व्याकरण एवं छत्तीसगढ़ी व्याकरण का टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजीपीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन करा पाएंगे।

## नेत्र शिविर...



**सरायपाली।** नगर के पुराना सरकारी अस्पताल में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग जांच व परामर्श लिया गया। भीड़ की संख्या को देखते हुए आने वाले समय में पुनः शिविर आयोजित किया जाएगा।

## बीजू योजना के समकक्ष हो आयुष्मान का पैकेज संशोधन की उठी डिमांड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले दस साल से लंबित आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के पैकेज को ओडिशा के बीजू स्वास्थ्य कार्यक्रम के समकक्ष लाने की सिफारिश की गई है। इसके साथ लगातार डिमांड के बाद भी लंबित भुगतान पर किसी तरह की ठोस पहल नहीं किए जाने पर चिकित्सकों ने चिंता जताई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रायपुर अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, सचिव डा. दिग्विजय सिंह तथा डा. विकास अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग दोहराई है। डा. गुप्ता ने बताया कि सभी शासकीय और निजी अस्पतालों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना अंतर्गत करीब 1500 करोड़ का भुगतान कई महीनों से लंबित है। सामान्य सभा की मीटिंग में आईएमए प्रतिनिधियों ने सहमति जताई है कि बकाया राशि का भुगतान ना होने पर अस्पताल संचालक उपवास सहित धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस दौरान भुगतान की पारदर्शी प्रणाली विकसित किए पर भी जोर दिया गया है।

# मॉइस्चर मशीन में गड़बड़ी किसान परेशान : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा सरकार पहले तो किसानों का पूरा धान खरीदना नहीं चाहती और दूसरा खरीदी कर रहे धान में महाघोटाला कर रही। उक्त आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वो लगातार धान खरीदी केंद्रों का दौरा भी कर रहे हैं साथ ही किसानों से भी सीधे संपर्क में भी हैं।

अंकित ने कहा धान खरीदी में मुख्य दो रूप में किसानों को लूटा जा रहा पहला मॉइस्चर मशीन से ज्यादा नमी बता, सेटिंग कर अतिरिक्त धान लिया जा रहा नहीं तो लौटा दिया जा रहा, दूसरा मिनिमम 150 ग्राम से 2 किलो तक अतिरिक्त धान प्रति कट्टा किसान से लिया जा रहा और ऐसा कर पूरे प्रदेश में कम से कम एक हजार करोड़ का धान अवैध ढंग से कमाया जाएगा। अंकित ने बताया कि समस्त धान खरीदी केंद्र में ग्रेन टेक कंपनी की एक ही प्रकार की मशीन और कुमकुम कंपनी से कैलिब्रेशन का प्रमाण पत्र समितियों के पास है जो कि कम से कम 6 प्रतिशत ज्यादा नमी धान में बता रही है।

अंकित ने कहा कि किसानों का राज भूपेश बघेल के राज में था अब भाजपाई कुशासन में किसानों को 72 घंटे में भुगतान होगा कहा लेकिन,नही हो रहा, एक मुश्त 3100 देंगे कहा लेकिन, नहीं दे रहे, प्रत्येक पंचायत में पहुंचा के देंगे बोले लेकिन नही दिया जा रहा। अब रबी में धान मत बोओ उसके लिए दबाव बना रहे। कुल मिला के ये भाजपा की सरकार किसान हितैषी सरकार नहीं है और इस सांय-सांय सरकार में 1000 करोड़ का धान महाघोटाले की ओर अग्रसर है।

## जालसाजी व धोखाधड़ी कर शासकीय भूमि की बिक्री करने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष की जमानत अर्जी निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



नगर पंचायत क्षेत्र बसना में शासकीय दस्तावेजों में कूटरचना कर जमीन बेचने के लिए दर्ज किए अपराध पर आरोपियों के द्वारा सरायपाली न्यायालय में जमानत के लिए अर्जी लगाई गई थी। जिसे न्यायालय ने निरस्त कर दिया। दरअसल बसना नगर पंचायत अध्यक्ष आरोपी गजेंद्र साहू, प्रमोद कुमार अग्रवाल, दिव्य प्रकाश श्रीवास्तव, ज्योतिष साहू पर बसना पुलिस ने 14 वर्ष पूर्व बसना नगर में खरीदी गई एक जमीन में विक्रेता पर शासकीय दस्तावेजों में कूटरचना कर जमीन बेचने के लिए धोखाधड़ी का आरोप दर्ज किया है। सरस्वती शिशु मंदिर बसना द्वारा यह शिकायत की गई थी। जिसमें बताया गया कि नरसिंह शिक्षा समिति (सरस्वती शिशु मंदिर बसना) के तत्कालीन अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद श्रीवास्तव ने जो भूमि खरीदी थी वह भूमि, पड़ोसी द्वारा सीमांकन जाँच करवाये जाने पर शासकीय निकली। सरस्वती शिशु मंदिर बसना वर्तमान अध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल ने अपने कथन में बताया कि बसना नगर में इन भू माफियाओं की मनमानी से लोग परेशान है। जिन्हें जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई की जाए तथा गिरफ्तार कर जेल भेजा जाना चाहिए। प्रभावित क्रेता जिनकी संख्या लगभग 50 के आसपास है के साथ न्याय करते हुए उन्हें लगानी जमीन विक्रेताओं से अधिग्रहित कर क्रेतागण को दिलाने की मांग की गई है।

# धान खरीदी में अव्यवस्था, 10 को कांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, किसानों को हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में धरना प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया। अभियान में सभी नेता, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में गये। उन्होंने कहा, प्रदेश के धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। सरकार की कोशिश है, कम से कम धान खरीदी की जाये।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, दीपक बैज, रविन्द्र चौबे ने बताया कि खरीदी केंद्रों में कांग्रेस नेताओं ने देखा कि बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग खरीदी में किया जाना था। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि आनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि धान बेचने के बाद किसानों के खाते में 72 घंटे में पैसा आयेगा, लेकिन रकम हफ्तों तक नहीं आई, जो रकम आ रही है वह एकमुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रुपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। सोसाइटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है, जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसाइटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेबर चार्ज बढ़ गया, इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया।

**कैसे पूरा होगा खरीदी का लक्ष्य-चौबे :** पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा, अभी 23-24 दिन धान खरीदी शुरू हुई है। सरकार की सांसें क्यों फूलने लगी हैं? 160 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा है और 40 लाख करोड़ की राशि किसानों को देना है। 1 तिहाई समय निकल गया है और 6600 करोड़ रुपए की धान खरीदी हुई है। इसी गति से धान खरीदी होती रही, तो 160 लाख मीट्रिक टन कैसे खरीदेगी, सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह है?

### 15 दिन बढ़ाई जाए खरीदी की तिथि : धनेंद्र

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा, धान खरीदी में टोकन की व्यवस्था पर कांग्रेस पार्टी ने लगातार आवाज उठाने के बाद सरकार ने 60-40 प्रतिशत आदेश दिया है। ऐप में देखा कि 15 जनवरी तक टोकन 60 प्रतिशत तक भरा हुआ है, जबकि 31 जनवरी आखिरी तारीख है। बड़े किसान और मध्यम किसान धान नहीं बेच पाये हैं। प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाये। टोकन व्यवस्था को ठीक किया जाये। धान खरीदी की तारीख 15 दिन बढ़ायी जाये, तब सभी किसान धान बेच पायेंगे।

## साइंस कॉलेज यूथ हब तोड़ने के विरोध में उतरे पूर्व विधायक

**रायपुर।** साइंस कॉलेज यूथ हब को तोड़ने को लेकर शनिवार को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने दुकानदारों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए बीजेपी सरकार पर रोजगार छीनने आरोप लगाया। उन्होंने कहा, साइंस कॉलेज यूथ हब 8 से 9 करोड़ की लागत से बनी स्मार्ट सिटी की योजना थी, जिसको इम्प्लीमेंट सरकार के अधिकारियों ने किया। इसमें किसी भी प्रकार का विवाद नहीं, बल्कि जो रायपुर पश्चिम के विधायक हैं, उनकी एक जिद और हठधर्मिता के कारण वो उसे उजाड़ने का काम उसे तोड़ने का काम बखूबी करते हैं। उन्होंने कहा, लगभग साल-डेढ़ साल से इस यूथ हब में स्टालों का संचालन हो रहा है, जबकि इसको लेकर विधायक राजेश मूणत द्वारा पूर्व में अफवाह फैलाई गई कि इसके खुलने से अपराध को बढ़ावा मिलेगा, नशे के कारोबार बढ़ेंगे, चाकूबाजी और हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं होंगी। यूथ हब के प्रारंभ से लेकर अब तक उस जगह पर किसी भी प्रकार का अपराध नहीं हुआ है। वहीं वर्तमान में लोगों को वहां रोजगार मिल गया है, तो बीजेपी को तकलीफ हो रही है।

## निहारिका कमेटी की अध्यक्ष को फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने मंत्रालय में शासन द्वारा गठित निहारिका कमेटी की अध्यक्ष निहारिका बारिक से भेंट कर प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में तय किए गए मुद्दों को लेकर निहारिका कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखा है, जिसमें प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को भाजपा घोषणापत्र अनुसार केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया सहित कई मांगे है। जिस पर कमेटी के अध्यक्ष ने तत्काल इन मांगों पर आवश्यक कार्यवाही करने आश्वासन दिया।




# बीस साल में दो बार स्वीकृति, फिर भी नहीं खुला आंबेडकर अस्पताल का झूलाघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाली महिला स्टॉफ और इलाज के लिए आने वाली महिलाओं के बच्चों के लिए बनाई गई झूलाघर की योजना बीस साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के बाहर वर्ष 2004 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डा. कृष्णमूर्ति बांधी एवं वर्ष 2022 में टीएस सिंहदेव ने इस योजना को हरी झंडी दी थी। दोनों बार कुछ समय तक प्ले जोन खुला, मगर देखरेख के अभाव में बंद हो गया।

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाला पचास प्रतिशत स्टाफ महिला का है। काफी स्टाफ अपने छोटे बच्चों को लेकर अस्पताल आते हैं। बच्चों के मनोरंजन और कामकाज में होने वाले दखल को रोकने के लिए अस्पताल में प्ले जोन और झूलाघर की योजना बनाई गई थी। अस्पताल के भूतल में स्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के वार्ड के बाहर बनाए गए खेलघर में कई तरह के खिलौने रखे गए थे, जिसे एक सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया था। समय बीतने और खेलघर का देखरेख करने वाली आया बाई को हटाने के बाद रखरखाव के अभाव में खिलौने खराब हो गए और वहां ताला लग गया।

उसके पुनः शुरू होने के इंतजार में काफी समय बीत गया फिर वर्ष 2022 को तात्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वशासी समिति की योजना में इसे मंजूरी दी। प्लेजोन बनाने के साथ वहां स्टाफ की नियुक्ति करने की घोषणा हुई। प्लेजोन फिर कुछ दिन खुलने के बाद पुनः बंद हो गया, जिस तरफ अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### गायब हो गए खिलौने

खेलघर में काफी संख्या में सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए खिलौने रखे गए थे। इनमें से कुछ खराब हो गए और बाकी गायब हो गए। अब खेलघर के नाम पर वहां उद्घाटन अवधि की पट्टिका और एलुमीनियम तथा कांच की मदद से बनाए गए कमरे ताला लगाने के बाद खाली पड़े हैं। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इसके लिए अलग से स्टाफ की नियुक्ति किए जाने की आवश्यकता थी जिस पर ध्यान नहीं दिया गया।

### जिला अस्पताल, हेल्थ सेंटरों में चल रहे

बच्चों के मनोरंजन का ध्यान रखते हुए जिला अस्पताल के शिशु रोग विभाग के साथ खोखो पारा, भाठागांव, राजातालाब सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में प्ले जोन विकसित किया गया है। परिजनों के साथ आने वाले बच्चों उपचार अवधि के दौरान इसमें खेलने-कूदने का मजा लेते हैं। वैसे प्ले जोन की योजना उन तमाम सरकारी अस्पतालों में बनाए जाने हैं, जहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग अथवा शिशु रोग विभाग का संचालन किया जाता है।



## खबर संक्षेप



### गायत्री दीप यज्ञ कर बच्चों को लोवर, टी शर्ट वितरण

**सरायपाली।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होकर कन्या आश्रम के बच्चों व स्टाफ के साथ गायत्री दीप यज्ञ आयोजन किया गया।विकास खंड के शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम बैदपाली में अध्यनरत पहली से पांचवी के बच्चों के साथ गायत्री दीप महायज्ञ कर कोसरिया के निज सहायक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर का जन्मदिन मनाया गया साथ ही बच्चों को लोवर और टी शर्ट वितरण किया गया। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है।



### शरीर को तंदुरुस्त रखने बच्चों ने किए योगासन

**सरायपाली।** शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लंबर में बैगलेश डे पर योग व्यायाम के साथ पीटी कराया गया। वहीं करें योग रहें निरोग की थीम को लेकर स्काउटर गिरीश कुमार पाढ़ी द्वारा अपने स्कूल के बच्चों को योग कराया गया। जिसमे शारीरिक सुरक्षा के साथ साथ शरीर को तंदुरुस्त रखने विभिन्न प्रकार के आसन जैसे ताड़ासन, गरुड़ासन, भुजंगासन, पद्मासन, हस्तपादासन के साथ सूर्य नमस्कार करना सिखाया गया। स्काउटिंग विधा के अंतर्गत बीपी सिक्स व्यायाम ड्रील मार्च पास्ट के साथ में पीटी कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक समारूलाल चौहान प्रभारी प्रधान पाठक, निलेश चौरसिया, चित्रा पटेल सहयोगी के रुप मे उपस्थित रहे। शाला के मीडिया प्रभारी शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी ने उक्त जानकारी दी।

**स्वास्थ्य :** विधायक ने निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ प्रचार रथ को झंडी दिखाकर किया अभियान का शुभारंभ

# निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ः स्वास्थ्य सेवाओं में नई क्रांति महासमुंद से 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद






छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयास से स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महासमुंद जिले के जिला पंचायत के सभागार में शनिवार को मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुरूआत में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ अभियान प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, रेड क्रॉस सोसाइटी सभापति संदीप दीवान, रेड क्रॉस सोसाइटी उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, अशोक गिरी गोस्वामी, प्रकाश शर्मा एवं मुन्ना साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

यह प्रचार रथ जिलेभर में अभियान की जागरूकता फैलाने और लोगों को इस पहल से जोड़ने का कार्य करेगा। प्रचार रथ के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की जानकारी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाई जाएगी। यह 100 दिवसीय अभियान 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य कमजोर वर्गों के बीच गंभीर बीमारियों की पहचान और उनके उपचार को सुनिश्चित करना है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अभियान की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सिन्हा ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित किया। जिसमें आयुष्मान वय वंदना की लाभार्थी उर्मिला ध्रुव, कुंभ बाई और केवरा बाई को कार्ड प्रदान किया गया। दिव्यांगजनों को सहायता स्टिक वितरित की गई। टीबी और कमजोर मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया। कुष्ठ उपचार हेतु लाभार्थियों को 8, 000 रुपए के चेक वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए निक्षय मित्र ममता पटेल और निधि चंद्राकर को सम्मानित किया गया।

जिला स्तर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक और विकासखंड स्तर पर सभी एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अभियान की प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। इस अभियान के तहत टीबी रोगियों को 'निक्षय पोषण योजना' के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उनका पोषण स्तर सुधरेगा और उपचार की प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन घर-घर जाकर बीमारियों के लक्षण पहचानेंगी, लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देंगी और समय पर उपचार सुनिश्चित करेंगी। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को अभियान के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अभियान के माध्यम से जिले के दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाते हुए कमजोर वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही यह पहल लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक बनाकर उन्हें सशक्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## परसुली उपार्जन केंद्र में माइक्रो एटीएम से रकम निकालने की सुविधा से खुश हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केंद्रों में सुगम व्यवस्था से किसानों को न सिर्फ धान बेचना आसान हो गया है, बल्कि किसानों के लिए धान बेचने के बाद पैसा निकालना भी आसान हो गया है। वहीं धान बेचने के 72 घंटे में किसानों के खाते में राशि पहुंच जाती है।

इस जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अतर्गत उपार्जन केंद्र परसुली सोसायटी में माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसानों को 10,000 दस हजार रुपए तक निकाल पाने की सुविधा मिल रही है। इस समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल ने किसानों को बताया कि बैंक का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा अब प्रति दिन दस हजार तक माइक्रो एटीएम का उपयोग बहुत ही आसान है। राशि निकाल कर किसानों को किया वितरण इस तरह नर्रा सोसायटी में किसानों ने माइक्रो एटीएम के माध्यम से नगद राशि प्राप्त की जा रही है। इस दौरान किसान दशरथ पटेल, बनमाली पांडे, नंदलालजी यादव, प्रभुलाल यादव, लालकृष्ण यादव, प्रीतेंद्र पटेल समिति अध्यक्ष लोचन पटेल समिति प्रभारी, राजेश पटेल, डालेश्वर पांडे उपस्थित रहे।

## मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने किया बेसहारा बुजुर्ग के शव का अंतिम संस्कार



**महासमुंद।** शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा ग्राम सोरम में जहर सेवन से मृत नारायण जांगड़े उम्र लगभग 75 वर्ष के शव का ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। मृतक वृद्ध के बारे में जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम सोरम के 75 वर्षीय वृद्ध नारायण जांगड़े जो कि बाहर रहकर जीवनयापन करता था अपने परिचित के यहां रहक़र जहर सेवन कर लिया। जिसे गांव के सरपंच संतोष जांगड़े सहित ग्रामीणों के द्वारा 112 गाड़ी से जिला हॉस्पिटल खरोरा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पारिवारिक स्थिति सही नहीं होने के कारण ग्रामीणों के द्वारा मृतक के अंतिम संस्कार के लिए शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति से संपर्क किया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम पश्चात अंतिम संस्कार कार्य मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, मोहन बावनकर, डॉ एजाज नकवी, गोपाल वर्मा, मनोज पटेल, विजय ठाकुर, गुमानचंद जैन, संजय साहू, सोरम सरपंच संतोष जांगड़े, रोशनलाल जांगड़े, हेमलाल जांगड़े, उमेश बघेल, पनेश्वर आदि ने संपन्न किया।

## 'हार से निराश न होकर बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयासरत रहें खिलाड़ी'

### जामगांव (बागबाहरा) में कबड्डी स्पर्धा में दर्जनों टीमों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम जामगांव (बागबाहरा) में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 5 दिसंबर को किया गया। जिसमें दर्जनों कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष देवराज बघेल (कैलाश) व अ.भा. हिंदू महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार मोंगरे शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम प्रमुख व सरपंच मेहत्तर सिन्हा, सचिव महेश्वर ध्रुव, जिला मंत्री संतोष बघेल, रोहित साहू, लोकनाथ साहू, चंद्रकांत नागेश, भावेश नागेश तथा पंचायत प्रतिनिधि गण शामिल हुए।

इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने बघेल का भव्य स्वागत कर स्मृति स्वरूप उन्हें मोमेंटो प्रदान किया। साथ ही ग्रामीणों ने उन्हें गांव की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। जिसमें प्रमुख रूप से स्कूल की समस्या बताते हुए कहा कि गांव के प्राथमिक शाला में शिक्षक का अभाव है। इस कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने इस दिशा में पहल करने की मांग की।

जिस बघेल ने उचित पहल करने आश्वस्त किया तथा शासन के संज्ञान में लाने की बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना से खेलने प्रेरित किया तथा कहा कि कबड्डी एक रोमांच से भरा खेल है, जहां खिलाड़ियों की परिस्थिति बदलती रहती है, और अंत में जो टीम अच्छा प्रदर्शन करता है। वह पुरस्कार का हकदार बनता है।

इस खेल में हारने वाली टीम को कभी निराश होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि हारने वाली टीम को भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उसी आधार पर भविष्य में आगे की खेल की रणनीति तैयार कर बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयासरत होकर प्रदर्शन करें। निश्चित ही सफलता मिलेगी।

## मजदूर का बेटा बना अग्निवीर

### ट्रेनिंग के बाद गांव पहुंचने पर किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

अग्निवीर भर्ती में चयनित गनेकेरा निवासी सुनील चौहान का हैदराबाद में 6 महीने ट्रेनिंग पश्चात गांव लौटने पर सुनील का भव्य स्वागत ग्रामीणों द्वारा किया गया। बैंड बाजे के साथ और फूलमाला पहनाकर सुनील के साथ रैली निकाली गई।

सुनील के परिजन बताते हैं कि अपने मां बाप के इकलौते बेटे हैं, बेटे को देश की सेवा में समर्पित करना आसान नहीं था, क्योंकि मां हाऊस वाइफ और पिता एक किसान हैं। सुनील में देश प्रेम लौ बचपन से ही जल चुकी थी, आर्मी में जाना एक सपना था जो पूरा हुआ है, रोज सुबह 4 बजे से उठ कर दौड़ लगाने के साथ कक्षा 10वीं से ही आर्मी के लिए तैयारी शुरू कर दी थी।

भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होने के बाद और छह महीने की कड़ी ट्रेनिंग पूरी कर जब वह अपने गांव लौटा, तो उसका स्वागत किसी हीरो की तरह किया गया। बैंड-बाजे और फूल-मालाओं के साथ रैली निकाली गई।

## विकासखंड स्रोत समन्वयक सिन्हा ने पटेवा के स्कूलों का निरीक्षण किया

**महासमुंद।** शनिवार को संकुल केंद्र पटेवा के विभिन्न शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक महासमुंद जागेश्वर सिन्हा ने किया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रामसागरपारा में निरीक्षण में सभी शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों द्वारा बच्चों को योग कराया जा रहा था। रामसागर पारा की निर्माणाधीन माध्य. शाला भवन जो लगभग डेढ़ वर्ष से अपूर्ण है को जल्द पूर्ण कराने का आश्वासन बीआरसी ने दिया। प्राथमिक शाला खैरवारडेरा में बच्चों के बौद्धिक स्तर को जाना एवं उनके उनके जवाब से प्रसन्नता जाहिर की। प्राथमिक शाला भावा में गीत, कहानी एवं कविता की कक्षाएं लगी थी उनके द्वारा बच्चों के प्रदर्शन को सराहा। माध्यमिक शाला नवागांव में उनके द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ नैतिकता, बड़े, बुजुर्गो का सम्मान एवं स्वच्छता के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बीआरसी द्वारा सभी शालाओं में मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता, जाति प्रमाण पत्र प्रोग्रेस, अपारआईडी एवं स्कूल स्वच्छता संबंधी जानकारी ली गई। उनके द्वारा प्रत्येक स्कूल में एफएलएन संबंधित कार्य की प्रशंसा की गई। संकुल केंद्र पटेवा में संचालित निशुल्क प्रयास एवं नवोदय प्रवेश की कक्षा को साराहा गया। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक राजू देवांगन तथा शाला के शिक्षक अरुण कुमार साहू, मेमन कुमार चंद्राकर, अमर साहू, दुष्यंत सिंह कोमल दीवान, ऋषि पटेल, मुरलीधर निषाद, रविकांत गोस्वामी, कुमार सिंह पहाड़िया, वासना साहू, भगवती गायकवाड, ममता प्रधान उपस्थित रहे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, जिले में 1823 स्वयंसेवी शिक्षक, असाक्षरों को साक्षर करने गांवों में करा रहे अध्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 से अधिक वर्ष आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने के लिए चलाए जा रहे अभियान में जिले के 1095 युवतियों तथा 728 युवक कुल 1823 युवक/युवतियों का अपने गांव के 18822 असाक्षरों को साक्षर करने के लिए स्वयं सेवी शिक्षकों की भूमिका में संकल्पित होकर उल्लास प्रवेशिका का अध्यापन करा रहे हैं।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विनय कुमार लंगेह से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के उल्लास केंद्र के शिक्षार्थियों को उल्लास प्रवेशिका एवं उल्लास कार्य पुस्तिका देकर अध्यापन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वही स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा स्वयंसेवी शिक्षक मार्गदर्शिका में बताए गए तकनीक के माध्यम से सीखने की शीघ्रगामी पद्धति से असाक्षरों को पढ़ना, लिखना, तथा दो अंकों का जोड़ घटना सिखाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम मुनगासेर विकासखंड बागबाहरा में 37 असाक्षरों का चिन्हांकन कर तीन स्वयं सेवी शिक्षक यामिनी साहू, मन्नू , धर्मराज द्वारा 31 से 70 वर्ष की 31 महिलाओं तथा 06 पुरुषों को उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर कर रहे हैं। यामिनी साहू के केंद्र में अध्यापन कर रही केशली बाई, दुखिया बाई, दुरपन, नीरा जलछत्री, परेम बाई , बुधियारिन, राधाबाई लक्ष्मीबाई, ललिता, सौदा बाई अक्षर को पहचानने व लिखना सीख रहीं हैं बताती है पहले शब्दों को जानते थे अब लिखावट को भी पहचानने लगे हैं।




## सलिहाभांठा में बाल सभा में बच्चों ने पढ़ी स्वरचित गीत-कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेवा



प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर के मार्गदर्शन और शिक्षक धर्मेंद्र ध्रुव के निर्देशन में बाल कथन सभा का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के द्वारा स्व-रचित गीत, कविता, कहानी की प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन कक्षा 3 की प्रियंका और काव्या ने शानदार ढंग से उत्साह के साथ किया।

कार्यक्रम की शुरूआत तन्मय कक्षा 4 ने स्वागत गीत के साथ किया। रूखमणी कक्षा 4 ने फुदक-फुदककर चिड़यिा आती, तन्मय ने मैं हर एक किसान, रेशमी कक्षा 4 मेरी मम्मी अच्छी, चुमेश्वरी कक्षा 5 ने चंदा मेरे प्यारे, वेनुष कक्षा 3 ने तितली प्यारी, गंगा कक्षा 5 ने मेरी भोली मां और राहुल कक्षा 4 ने छोटी रचना मेरी पुस्तक कविता की प्रस्तुत किए। तीरथ कक्षा 4, नागेश्वर कक्षा 5, दामनी कक्षा 4, धनराज कक्षा 5, प्रेमसागर कक्षा 5 ने स्वरचित कहानी प्रस्तुत किया। इस मौके पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पटेवा के प्राचार्य एससी प्रधान ने बच्चों द्वारा मंच संचालन सहित बेझिझक अभिव्यक्ति और स्वयं से लिखने को सराहा और बच्चों को अगली बार के लिए प्रतिदिन शाम को अपनी दिनचर्या को लिखने का कार्य दिए। शाला को सदैव सहयोग देते रहने के लिए भी पालकों युवाओं एवं गांव वालों की भी सराहना की। इस मौके पर उपस्थित क्षेत्र के युवा कवि मनोज भावरिया ने भी बच्चों को अपनी गीत के माध्यम से पेड़ के महत्व को बताया और बच्चों को शुभकामना प्रेषित किए। ज्ञात हो कि नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में स्वयं के विचारों को लिखने को प्रेरित करने के उद्देश्य से इस तरह का उद्यम किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को शाला की ओर से कॉपी उपलब्ध कराकर स्वयं से गीत, कविता, कहानी, आत्मकथा, नाटक सहित विभिन्न विषयों, अवधारणाओं को लिखने रचनात्मक लेखन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में पिरीत राम ध्रुव, घासुराम दीवान, गोरेलाल साहू, पंचराम ध्रुव, भोजराम साहू, तिलक साहू, नीरा दीवान, हेमलता साहू, जया साहू, देवकी सिन्हा, बिसनी दीवान, गायत्री दीवान मौजूद रहे।